# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

दिनांक- 27.10.2025

### मिशन शक्ति 5.0 ने बताई नई राह,
### रेलवे स्टेशन व बजारों में महिला सशक्तिकरण का संदेश

**थाना इटौंजा क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर चलाया गया मिशन शक्ति विशेष जागरूकता कार्यक्रम, महिला यात्रियो व बच्चो को किया गया जागरुक ।**

मिशन शक्ति, उत्तर प्रदेश पुलिस की एक प्रमुख पहल, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसकी नवीनतम कड़ी, मिशन शक्ति 5.0, के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- **महिला एस0आई0 सुश्री सारिका गुप्ता शक्ति प्रभारी थाना इटौंजा लखनऊ कमिश्नरेट**
- **महिला हे0का0 श्रीमती कुसुम लता थाना इटौंजा लखनऊ कमिश्नरेट**
- **इटौंजा रेलवे स्टेशन थाना इटौंजा लखनऊ ।**

**प्रतिभाग-**

इटौंजा रेलवे स्टेशन पर करीब 20- 30 महिला/पुरुष यात्री व बच्चे।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 27.10.2025 को **इटौंजा रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति 5.0 का एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें करीब** 20- 30 महिला/पुरुष यात्री व बच्चे **को** महिला अपराध/साइबर अपराध/सी0ई0आई0आर पोर्टल/यूपी कॉप ऐप एवं सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर: उन्हें आपात स्थिति और सहायता के लिए सभी जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

***"मिशन शक्ति 5.0:"आत्मविश्वास की नई परिभाषा।***

**मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना मलीहाबाद पुलिस द्वारा महिलाओं और बच्चो को सिखाए गए आत्म-सुरक्षा के गुर, पुलिस-जनता संवाद ने बढ़ाया सुरक्षा का विश्वास।**

**दिनांक: 27.10.2025**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित *"मिशन शक्ति 5.0"* अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह अभियान महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराता है और समाज में समानता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करता है।

**आयोजन का विवरण:**

✓ **आयोजन स्थल: ग्राम पंचायत मोहम्मदनगर थाना मलीहाबाद, लखनऊ**

**आयोजक टीम:**

- महिला उप निरीक्षक सु0श्री **मनीषा पाठक, थाना मलिहाबाद, लखनऊ कमिश्नरेट**
- उप निरीक्षक **श्री रामचंद्र, एंटी रोमियो प्रभारी, थाना मलिहाबाद, लखनऊ कमिश्नरेट**
- मुख्य आरक्षी **राजू कुमार, थाना मलिहाबाद, लखनऊ कमिश्नरेट**
- महिला कॉन्स्टेबल **ललिता सिंह, थाना मलिहाबाद, लखनऊ कमिश्नरेट**

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

दिनांक **14 अक्टूबर 2025** को *मिशन शक्ति फेज 5.0* अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27.10.2025 को थाना मलिहाबाद पुलिस द्वारा **ग्राम पंचायत मोहम्मदनगर** थाना मलीहाबाद, लखनऊ में एक विशेष **जागरूकता एवं सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम** आयोजित किया गया।

महिलाओं व बच्चों को महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, महिला संबधी योजनाओं की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए, सभी को 112, 1090, 1076, 101,108 आदि नंबर व को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी एवं महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया गया, डिजिटल अरेस्टिंग की भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया, ओटीपी न बताने और ऑनलाइन पेमेंट से बचने की हिदायत भी दी है , महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया।

## "मिशन शक्ति" के लक्ष्य:

- **सुरक्षा जागरूकता:** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों (जैसे यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा) की रोकथाम और रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता फैलाना।
- **महिला सशक्तिकरण:** महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना।
- **शिक्षा का महत्व:** छात्राओं को शिक्षा के महत्व और करियर के अवसरों के बारे में प्रोत्साहित करना।
- **स्वास्थ्य और स्वच्छता:** महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी साझा करना।
- **डिजिटल सुरक्षा:** साइबर क्राइम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताना।

## महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर

***महिला अपराध, साइबर अपराध एवं आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण संसाधन***

- **1090 (महिला पावर लाइन):** महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के लिए प्रमुख हेल्पलाइन।
- **112 (आपातकालीन सेवाएं):** किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन के लिए एकीकृत नंबर।
- **108 (एम्बुलेंस सेवा):** तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए।
- **1098 (चाइल्डलाइन):** बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या या संकट के लिए।
- **1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन):** सामान्य सहायता और जानकारी के लिए।

***डिजिटल संसाधन एवं पोर्टल***

- **साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल:** साइबर धोखाधड़ी, हैकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न आदि की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आधिकारिक पोर्टल।
- **यूपी कॉप ऐप (UP COP App):** उत्तर प्रदेश पुलिस का मोबाइल ऐप, जिसके माध्यम से त्वरित सहायता, लोकेशन शेयरिंग और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## पिंक बूथ टीम की भूमिका:

पिंक बूथ आमतौर पर पुलिस या महिला हेल्पलाइन से जुड़ी होती है। उनका सीधा संपर्क एक प्रभावी तरीका है ताकि आम जनता, विशेष रूप से महिलाएं और युवतियां, सीधे तौर पर जानकारी हासिल कर सकें और अपनी समस्याओं को साझा कर सकें।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2581**
**दिनांक- 27.10.2025**

**जोन- उत्तरी/ थाना- मडियांव**

- **वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले 01 नफर शातिर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 03.07.2025 को आवेदिका उम्र करीब 45 वर्ष द्वारा बावत वादिनी की पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को अभियुक्तगण द्वारा मिलकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र जरिए डाक प्राप्त हुआ। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर तत्काल मु0अ0सं0 382/25 धारा 87/137 (2) बीएनएस 1. विशाल पण्डित पुत्र अजात 2. अनुषअका पुत्री अज्ञात 3. राज सिद्दीकी पुत्र अज्ञात के पंजीकृत किया गया।

दिनांक-20.07.2025 को पीडिता को पूर्व बरामद कर लिया गया था। दिनांक 26.10.2025 को थाना मडियांव की पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित/ अभियुक्तगण की तलाश एवं मु0अ0सं0 382/25 धारा 87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त विशाल कुमार की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास स्थान ग्राम गोपालपुर थाना संदना जनपद सीतापुर पहुँची तो घर के सामने खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया गया।

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम विशाल कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम गोपालपुर थाना संदना जनपद सीतापुर उम्र करीब 18 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्ति को उसके द्वारा कारित जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए दिनांक 26.10.2025 को समय करीब 18.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। दौराने गिरफ्तारी माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो का अक्षरशः पालन किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थाना व जनपद से जानकारी की जा रही है।

**02-अपराध का उद्देश्य-**

अभियुक्त वादी मुकदमा की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाना।

**03-गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. विशाल कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम गोपालपुर थाना संदना जनपद सीतापुर उम्र करीब 18 वर्ष

**05-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अशोक कुमार
2. उ0नि0 श्री उत्तम कुमार